बुधवार

18 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




अब 8 नहीं रात 10 बजे से डुमरांव शहर में होगी ट्रकों की इंट्री

3



## शारदीय नवरात्र

### चौथा स्वरूप: मां कूष्मांडा



शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन देवी दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा का विधान है। जिनकी पूजा से व्यक्ति को बल और बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कूष्मांडा का अभिप्राय कद्दू से होता है। कद्दू एक ऐसी सब्जी होती है, जिसके भीतर कई बीज होते हैं और खास बात यह कि उनमें ढेर सारे कद्दू को पैदा करने की शक्ति समाहित होती है। हिंदू मान्यता के अनुसार जिस प्रकार कद्दू में जीवन शक्ति को बढ़ाने की ताकत होती है, उसी प्रकार देवी कूष्मांडा की पूजा करने पर साधक के भीतर शक्ति या फिर कहें ऊर्जा में वृद्धि होती है।

देवी दुर्गा का चौथा स्वरूप मानी जाने वाली मां कूष्मांडा आठ भुजाओं वाली हैं और उन्होंने इसमें बाण, चक्र, कमल, अमृत कलश, गदा और कमंडल धारण कर रखा है। मां कूष्मांडा शेर की सवारी करती हैं और इनका निवास सूर्य लोक में माना जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार सूर्य लोक में निवास करने की क्षमता सिर्फ माता कूष्मांडा में ही है और इनकी पूजा करने पर जो पुण्यफल प्राप्त होता है, उससे साधक की किस्मत सूर्य की तरह चमकने लगती है।

**पूजा विधि:** मां कूष्मांडा की पूजा करने के लिए सूर्योदय से पहले उठें और स्नान-ध्यान करने के बाद सबसे पहले उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य दें और देवी की पूजा को विधि-विधान से करने का संकल्प लें। हिंदू मान्यता के अनुसार मां कूष्मांडा को हरा रंग अत्यधिक प्रिय है, ऐसे में देवी की पूजा में हरे रंग के वस्त्र, फल, और मिठाई जरूर अर्पित करें। महिलाएं सुख-सौभाग्य की कामना को पूरा करने के लिए देवी कूष्मांडा को विशेष रूप से हरे रंग वाला श्रृंगार का सामान चढ़ाएं।

**मंत्र जाप:** देवी कूष्मांडा की पूजा में उनके मंत्र **ॐ कूष्माण्डायै नम:** का अधिक से अधिक जप करना चाहिए। मान्यता है कि मां कूष्मांडा की पूजा में इस उपाय को करने पर कुंडली में स्थित केतु ग्रह से जुड़े दोष भी दूर हो जाते हैं।

# अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर, आलिया भट्ट और कृति सेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

## राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर में शुमार और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से लोगों के दिलों पर राज करने वाले अल्लू अर्जुन को उनकी फिल्म पुष्पा के लिए बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। उन्हें ये सम्मान देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार कार्यक्रम राष्ट्रपति ने तमाम विजेताओं को अवार्ड प्रदान किया। इस मौके पर आलिया भट्ट को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए और कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड दिया गया।



**अपनी शादी के दिन पहनी साड़ी में अवार्ड लेने पहुंची आलिया:** बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड लेने आलिया भट्ट पति रणबीर कपूर के साथ दिल्ली पहुंचीं। अवॉर्ड से ज्यादा चर्चा उनके साड़ी की हुई जिसे पहनकर वो इस समारोह में पहुंचीं थीं। आलिया ने सब्यसाची की डिजाइनर साड़ी पहनी जो उन्होंने शादी के दिन पहनी थी। अवॉर्ड मिलने पर आलिया भट्ट ने कहा, मैं ऐसे मौके पर ही बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। गंगूबाई काठियावाड़ी फिल्म के लिए मैं संजय लीला भंसाली का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका दिया।

मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने वाली कृति सैनने कहा कि अपने करियर के दस साल में ही ये अवॉर्ड अपने नाम कर लेना उनकी बड़ी उपलब्धि है। वहीं पल्लवी जोशी को द कश्मीर फाइल्स में शानदार एक्टिंग के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला।

## वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के सम्मान

नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में दिग्गज एक्ट्रेस वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डस से नवाजा गया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान वहीदा की आंखों में आंसू नजर आए। इस दौरान हॉल में मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर एक्ट्रेस को सम्मान दिया और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें बधाई दी।



## पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड



मिमी के लिए ही पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। पंकज त्रिपाठी ने खुशी जताते हुए कहा, ये मेरा दूसरा नेशनल अवॉर्ड है। मैं बहुत खुश हूं।

## पीएम मोदी ने इसरो प्रमुख के साथ की बैठक, बोले

# वर्ष 2040 तक चांद पर इंसान भेजने का लक्ष्य बनाए इसरो

- पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों के साथ बैठक में 2035 तक चांद पर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने लक्ष्य तय करने का दिया टास्क
- बैठक में गगनयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों के भविष्य की समीक्षा की

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो एक के बाद एक कर के सफलता के नए दास्तां लिख रही है, जिसमें चंद्रयान 3 का चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को अब नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि 2035 तक चांद पर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक किसी भारतीय को चन्द्रमा की सतह पर भेजने का लक्ष्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने अन्य ग्रहों से संबंधित मिशन पर भी काम तेज करने के लिए कहा। इसमें वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर मिशन भी शामिल है। यानी, शुक्र और मंगल ग्रहों पर पहुंचने के लिए भारत अब तैयार है। केंद्रीय अंतरिक्ष मामलों के मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो प्रमुख एस सोमनाथ के साथ पीएम मोदी ने एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इसमें गगनयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों के भविष्य की समीक्षा की। अब पीएम मोदी द्वारा दी गई डेडलाइन के हिसाब से इसरो काम करेगा। इसमें अगले चंद्रयान मिशन, नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल, नए लॉन्चपैड का निर्माण और ह्यूमन सेंट्रिक लेबोरेटरीज की स्थापना शामिल हैं।

बैठक में अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने एक पूरा खाका पेश किया कि गगनयान मिशन को लेकर अब तक क्या-क्या किया गया है और आगे क्या योजना है। HLVM3 (ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल) के माध्यम से 3 बिना क्रू वाले टेस्ट अभी किए जाने हैं। कुल 20 टेस्ट किए जाने हैं। 21 अक्टूबर को पहला ऐसा मिशन टेस्ट होगा। इसके तहत आउटर स्पेस में भेजकर क्रू मॉड्यूल को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसके बाद व्योममित्र नाम के एक हुमानोइड रोबोट को विकसित किया जाएगा, जिसे मिशन में भेजा जाएगा। 2025 में 2-3 खगोलविदों के साथ अंतिम मिशन टेस्ट किया जाएगा। पीएम मोदी ने इस बैठक में अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने की भारत की क्षमता पर भी बात की। अब तक अमेरिका, रूस और चीन ही अंतरिक्ष में किसी व्यक्ति को भेज पाए हैं। इसके लिए 5.3 टन का एयरक्राफ्ट डिजाइन किया जा रहा है।



## अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए ग्लोबल मेरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होनें 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। कहा कि इस बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। उन्होनें कहा, वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की टॉप 3 आर्थिक शक्तियां में से एक होगा। उन्होनें कहा इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों से हम इस सेक्टर को सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं।

**जी20 में मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर सहमति बनी:** उन्होंने कहा,जी20 समिट के दौरान इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर ऐतिहासिक सहमति बनी है। सैंकड़ों वर्ष पहले सिल्क रूट ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरिडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। मोदी ने कहा, आज का भारत अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।

## केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा एडहॉक बोनस

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने केंद्र सरकार के कर्मियों को दीपावली के मौके पर नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एडहॉक बोनस) देने की घोषणा की है। इसके तहत सभी पात्र कर्मियों को 30 दिन के वेतन जितनी राशि मिलेगी। केंद्र सरकार के ग्रुप बी और ग्रुप सी के अंतर्गत आने वाले वे अराजपत्रित कर्मचारी, जो किसी प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें भी यह बोनस दिया जाएगा। एडहॉक बोनस का फायदा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सभी योग्य कर्मियों को भी मिलेगा। एडहॉक बोनस के तहत जो रकम दी जाती है, उसका निर्धारण करने के लिए एक नियम बनाया गया है। कर्मियों का औसत वेतन, गणना की उच्चतम सीमा के अनुसार, जो भी कम हो, उसके आधार पर बोनस जोड़ा जाता है। यदि किसी कर्मी को सात हजार रुपये मिल रहे हैं, तो उसका 30 दिनों का मासिक बोनस लगभग 6907 रुपये रहेगा।


# समलैंगिक शादी को मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सेम सेक्स मैरेज पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है। इस फैसले से एलजीबीटी समुदाय को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने माना कि समलैंगिक जोड़ों के शादी का मामला मौलिक अधिकार के अंदर नहीं आता है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि सभी पांच जज इस बात से सहमत हैं कि शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है और बहुमत के फैसले में अदालत ने समलैंगिक विवाह के खिलाफ फैसला सुनाया है। बहुमत का विचार यह है कि विधायिका को समलैंगिक विवाह लाने पर निर्णय लेना चाहिए।

जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस नरसिम्हा की तरह जस्टिस रवींद्र भट के विचार से सहमत रहे। जिसके बाद 3:2 से कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालतें कानून नहीं बना सकतीं हैं, लेकिन उसकी व्याख्या कर सकती हैं और उसे लागू कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट इतिहासकारों का काम नहीं कर रही है। सती और विधवा पुनर्विवाह से लेकर अंतरधार्मिक विवाह तक.. विवाह का रूप बदल गया है। शादी बदल गई है और यह एक अटल सत्य है और ऐसे कई बदलाव संसद से आए हैं।





## सीएम योगी ने 632 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का किया शिल्यान्यास

# महिलाओं की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को नहीं छोड़ेंगे

- बोले सीएम- बहन, बेटी और मां को बांटों मत उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए
- योगी ने कहा- 2017 के पहले बीमारू राज्य था उत्तर प्रदेश, होते थे दंगे

**केटी न्यूज/बुलंदशहर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी सुरक्षित है तो सब कुछ सुरक्षित है। माताओं और बहनों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे। उन्होंने कहा कि एक माता, बहन और बेटी की कोई जाति नहीं होती। बहन, बेटी और मां को बांटों मत उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए। अगर नारी गरिमा की रक्षा हो जाएगी तो निवेश अपने आप आ जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधी आबादी के सम्मान और गरिमा को बढ़ाने का कार्य किया है।

सीएम योगी ने ट्रांसपोर्ट नगर में मंगलवार को 632 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं सहयाता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा। अब प्रदेश की माताओं और बहनों को पंचायत एवं स्थानीय निकायों की तरह विधानसभा और लोकसभा में एक तिहाई सीटों पर चुनकर जाने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम योगी ने 2017 के पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था। यहां दंगे होते थे। अव्यवस्था फैलाई जाती थी। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। हमारी सरकार आने के बाद दंगाई गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगते दिखाई पड़ते हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में हमने मिशन शक्ति के चौथे संस्करण को आगे बढ़ाया है। यह संस्करण भी एक बार फिर से प्रभावी ढंग से नारी गरिमा की सुरक्षा करते हुए, उनके सम्मान को बढ़ाते हुए, उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करने का एक अभियान है। इसकी शुरूआत हमने 2020 में की थी। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए डबल इंजन की सरकार महिलाओं के कल्याण के कार्यक्रमों आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत देश की माताओं और बहनों को घर का उपहार भी उन्हें लखपति बनाने का काम किया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक 55 लाख बहनों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया जा चुका है।

## एशियाई खेलों में गोल्ड जीतने वालों को तीन करोड़ रु देगी सरकार

सीएम योगी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हमारी बेटी पारुल चौधरी और अनु रानी ने एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लाकर देश के साथ-साथ मातृ शक्ति के गौरव को भी बढ़ाया है। दोनों को बेटियों को हमारी सरकार सीधे डिप्टी एसपी बनाएगी। साथ ही लखनऊ में समारोह आयोजित कर एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वालों को 3 करोड़, सिल्वर मेडल जीतने वालों को डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए की सहायता राशि देंगे।

**लाभार्थियों को वितरित की सहायता राशि:** सीएम योगी ने 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के 2,528 स्वयं सहायता समूहों को 72.90 करोड़ रुपए की राशि वितरित की साथ 'एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम' के 54 लाभार्थियों को उन्होंने 29.02 करोड़ रुपए वितरित किए। इसके अलावा 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के 175 लाभार्थियों को सीएम योगी ने 19.16 करोड़ रुपए प्रदान किए। वहीं 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के 103 लाभार्थियों को उन्होंने 10.94 करोड़ रुपए वितरित किए।

**उद्यमियों से किया संवाद:** सीएम योगी ने एक अन्य कार्यक्रम में बुलंदशहर के उद्यमियों से बात की और उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नई नीति के विषय में बात करते हुए उद्यमियों को सरकार की तरफ सभी तरह के नीतिगत सहयोग का भरोसा दिया।

### सरकार ने वापस लिया शिक्षक ट्रेनिंग का फैसला

# शिक्षकों का आवासीय ट्रेनिंग कार्यक्रम स्थगित

- बिहार शिक्षक संघ ने ट्रेनिंग को लेकर जताई थी नाराजगी
- तारीख में बदलाव करने नहीं तो आंदोलन की दी थी चेतावनी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में एक बार फिर शिक्षकों के आगे सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 16 अक्टूबर से शिक्षकों की आवासीय ट्रेनिंग शुरू की गई थी। बिहार शिक्षक संघ में इस मामले पर काफी नाराजगी थी। शिक्षकों ने चेतावनी दी थी कि अगर सरकार ने आदेश वापिस नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही आगामी चुनाव में सरकार को खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा। शिक्षकों के विरोध के बाद नीतीश सरकार ने आवासीय ट्रेनिंग कार्यक्रम को फिलहाल के लिए रोक दिया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि प्रदेश के सभी लेवल पर ट्रेनिंग 16 अक्टूबर 2023 से 21 अक्टूबर, 2023 तक ट्रेनिंग सेंटरों पर चल रहे हैं, निर्देश के मुताबिक 17 अक्टूबर, 2023 से स्थगित किया गया है। इस बाबत सभी प्रशिक्षों को जो ट्रेनिंग दी गई है, उसे अधूरा माना जाएगा। इसे पूरा करने लिए बाद में आदेश जारी किया जाएगा।

आपको बता दें कि 21 अक्टूबर 2023 तक सुबह 5.30 बजे से लेकर शाम 7.00 बजे शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जानी थी। विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में आवासीय ट्रेनिंग दी जानी थी। सरकारी शिक्षकों की ट्रेनिंग तारीख पर अपत्ति जताते हुए कहा था कि आवासीय ट्रेनिंग के नाम पर हिंदू सुमदाय के टीचरों को परेशान किया जा रहा है। स्कूलों में दुर्गा पूजा की छुट्टी पहले से घोषित होने के बाद भी विभाग ने आवासीय ट्रेनिंग कार्यक्रम रख दिया जो कि सरासर गलत है। हिंदू धर्म के शिक्षक पूजा के दौरान उपवास पर रहते हुए पाठ करते हैं। सरकार द्वारा जारी आदेश बिल्कुल तुगलकी फरमान जैसा है, इसे वापिस लेना चाहिए। आदेश वापिस लेने के बाद शिक्षक संघ ने कहा कि सरकार बैकफुट पर आ गई, अगर आदेश वापिस नहीं लिया जाता तो बड़े आंदोलन की तैयारी चल रही थी। सरकार को चाहिए कि कोई भी आदेश निकालने से पहले उसका जमीनी स्तर प्रभाव जानने के बाद ही लागू करे, बिना सोच समझे लागू करने से सरकार की भी किरकिरी हो रही है।



ट्रेनिंग स्थगित करने की मांग को लेकर सोमवार शिक्षकों ने प्रदर्शन किया था।

## बीपीएससी ने जारी की शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। उच्च माध्यमिक (11वीं और 12वीं कक्षा) के लिए हिंदी, अंग्रेजी, मैथिली, बंगाली, संस्कृत और उर्दू विषय के शिक्षकों का रिजल्ट जारी किया है। इनमें हिन्दी में 525, अंग्रेजी में 2323, उर्दू में 145 अभ्यर्थी को सफलता मिली है। बिहार लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, मैथिली और बंगाली भाषा के सफल अध्यापकों की सूची और उन्हें आवंटित जिलों की जानकारी जारी की है। जल्द ही अन्य विषयों के अध्यापकों का रिजल्ट जारी किया जाएगा। माध्यमिक स्कूल के लिए परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का रिजल्ट बुधवार को जारी किया जा सकता है। बता दें कि बिहार लोक सेवा आयोग ने 30 मई को शिक्षक भर्ती के लिए विज्ञापन जारी की थी। आयोग ने 1,70, 461 पदों पर वैकेंसी निकाली थी। इसमें टीचर पद के लिए योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था। इसके बाद 24 से 26 अगस्त तक परीक्षा ली गई थी। उच्च माध्यमिक स्कूल में शिक्षक बनने के लिए परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के कागजातों की जांच-पड़ताल पहले ही हो चुकी है।

**पास अभ्यर्थियों को जिला अलॉट भी कर दिया गया:** बीपीएससी ने पास शिक्षक अभ्यर्थियों को जिला भी आवंटित भी कर दिया है। कहा है कि 17 अक्टूबर को प्रकाशित परीक्षाफल के आधार पर उच्च माध्यमिक विद्यालय (वर्ग 11-12) के हिन्दी विषय के अन्तर्गत सफल घोषित उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गयी अधिमानता के आधार पर औपबंधिक रूप से आवंटित कर दिया है।

# सीएम नीतीश कुमार ने लोहिया पथ चक्र फेज-1 का किया लोकार्पण

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश सरकार ने मंगलवार को पटना के लोगों को दशहरा को तोहफा दिया। यह तोहफा लोहिया पथ चक्र फेज-1 का लोकार्पण के रूप में मिला है। मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार ने पंत भवन स्थित लोहिया पथ चक्र फेज-1 का लोकार्पण किया। इसके बाद सीएम ने विश्वेश्वरैया भवन, नेहरु पथ यू-टर्न अंडरपास और दारोगा राय पथ से नेहरु पथ को जोड़ने वाले अंडरपास का जायजा लिया। इस दौरान सीएम ने लोहिया पथ चक्र के शेष निमार्णाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि काम बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखते हुए काम में तेजी लायें ताकि लोगों को आवागमन में और अधिक सहूलियत मिल सके। उन्होंने कहा कि जब लोहिया पथ चक्र पूर्णरूप से बनकर तैयार हो जायेगा तो वाहनों का परिचालन और अधिक आसान होगा. बोरिंग कैनाल रोड की तरफ भी लोग आसानी से आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोहिया पथ चक्र के निर्माण कार्य की प्रगति को हम बराबर आकर देखते रहे हैं। इस अंडरपास का निर्माण होने पर बेली रोड सहित हड़ताली मोड के समीप दारोगा प्रसाद राय पथ और बोरिंग कैनाल रोड में बिना किसी बाधा के ट्रैफिक का संचालन हो सकेगा। बोरिंग कैनाल रोड से बिहार म्यूजियम की ओर जाने और विश्वेश्वरैया भवन से बोरिंग कैनाल रोड जाने के लिए लिए सर्विस रोड तैयार हो रहा है। सीएम ने बताया कि दरोगा प्रसाद राय पथ से बेली रोड में सचिवालय की ओर आने-जानेके लिये सर्विस रोड तैयार है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, और विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।



# सीएम बनने के लिए लालू ने मेरे पति को मरवा दिया: सांसद रमा देवी



**केटी न्यूज/पटना**

शिवहर से सांसद और वरीय भाजपा नेत्री रमा देवी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे पति को लालू यादव ने मुख्यमंत्री बनने के लिए मरवा दिया था। इनका जवाब देने के लिए रमा देवी काफी हैं। जब हम मोतिहारी की सीट जीतकर राजद को दिए तो लालू प्रसाद समझे कि मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इन्होंने चाल चली लेकिन जवाब देने के लिए मैं काफी थी। राजद सुप्रीमो पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग बेशर्म हो गए हैं। नारी शक्ति को सम्मान नहीं देते हैं। यह पैसा खाने के लिए बैठे हैं। भाजपा सरकार में अब तक एक भी घोटाला नहीं हुआ। लेकिन, राजद सरकार जब थी तो रोज घोटाला होता थी। रमादेवी ने कहा कि हमलोग दबने और डरने वाले नहीं हैं। इन्हें नारी शक्ति की ताकत का पता नहीं है।

सांसद रमा देवी जातीय गणना के आंकड़ों में फजीर्वाडे के खिलाफ अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने आई थीं। जातीय गणना को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा। रमा देवी ने कहा कि जातीय गणना के आंकड़ों में फजीर्वाड़ा किया गया है। कई जाति के आंकड़ों को कम कर-के दिखाया गया है। केवल राजनीतिक लाभ पाने के लिए आननफानन में महागठबंधन सरकार ने ऐसा रिपोर्ट पब्लिश कर दिया।

## मुजफ्फरपुर में 10 साल के बच्चे का अपहरण

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर एनएच-57 किनारे बसे मुहल्ले से बाइक सवार दो अपराधियों ने दस साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। पीड़ित बच्चे के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत मिलते ही नगर डीएसपी और अहियापुर थानेदार रोहन कुमार भीखनपुर इलाके में बच्चे की तलाश में जुट गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार अपराधी बच्चे को बैठाकर ले जाते नजर आए हैं। बच्चा स्थानीय निवासी पप्पू सिंह का बेटा श्लोक कुमार है।

पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा भीखनपुर स्थित निजी स्कूल में तीसरे वर्ग में पढ़ाई करता है। वह स्कूल वैन से स्कूल आता-जाता है। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर उसने स्कूल वैन के चालक से मोबाइल पर संपर्क किया। ड्राइवर ने स्टॉप प्वाइंट पर छोड़ने के बारे में बताया। उसके बाद वह तहकीकात करने लगे। बच्चे का कहीं पता नहीं चलने पर पप्पू सिंह ने पुलिस का सहयोग लिया। पप्पू ने बताया कि वह इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े काम करके परिवार का भरण-पोषण करता है।

# दरभंगा में जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा जिला के हायाघाट थाना क्षेत्र के मकसुदपुर गांव में हुई जहरीली शराब से मौत के बाद दरभंगा के एसएसपी अवकाश कुमार ने बीती रात इलाके में भारी छापामारी की। जानकारी के मुताबिक कुछ धंधेबाजों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। लालटून सहनी की बेटी पार्वती देवी ने एक शराब कारोबारी विकलांग विनोद दास का नाम बताया था, जिसे पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस इस गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। सोमवार को दो लोगों की मौत हुई थी जिसमें रुस्तमपुर गांव निवासी संतोष दास और भुखला सहनी थे, जबकि लालटून सहनी और अर्जुन दास सहित तीन लोग अस्पताल में इलाजरत थे। मंगलवार को दरभंगा के डीएमसीएच में इलाज के दौरान लालटून सहनी की भी मौत हो गई।

इस सम्बंध में एसएसपी अवकाश कुमार का कहना है कि हायाघाट थाना क्षेत्र के मकसुदपुर गांव में कुछ लोगों की बिमारी से मौत होने की सूचना मिली है। इस सूचना पर पुलिस ने पीड़ित परिवार के लोगो से भी पूछताछ की है। बीमार लोगों के परिजनों से भी घटना की जानकारी ली गई है। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि मृतक के परिवार के लोगों ने शराब पीने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अभी डीएमसीएच में इलाजरत है जबकि एक व्यक्ति समस्तीपुर अस्पताल से ठीक होकर घर लौट गया है। अभी हमलोग जांच कर रहे हैं। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि शराब पीने से मौत हुई है इस बात की न तो मैं पुष्टि कर रहा हूँ और न ही खंडन कर रहा हूँ, फिलहाल जारी है।

डीएमसीएच में इलाज के दौरान डॉक्टरों का कहना है कि भर्ती होने के समय इलाजरत लालटून सहनी ने डॉक्टर को शराब पीने की बात कही थी। डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग के डॉक्टर ने लालटून सहनी के पुर्जा पर अल्कोहल का भी जिक्र किया है। पुर्जे पर यह भी लिखा है कि मरीज 25 वर्षों से शराब पी रहा था। इतना साक्ष्य होने के बाद भी दरभंगा पुलिस यह मानने को तैयार नहीं कि तीनों मौत शराब पीने से हुई है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



### डुमरांव के लोगों के लिए राहत भरी खबर, शांति समिति की बैठक में एसडीओ ने दी जानकारी

# बदलेगा नो-इंट्री का समय: अब 8 नहीं रात 10 बजे से डुमरांव शहर में होगी ट्रकों की इंट्री

**अमित/डुमरांव**

अनुमंडल मुख्यालय में दुर्गा पजा के बाद से नो-इंट्री का समय बदलेगा। अब सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक लगने वाली नो-इंट्री की अवधि बढ़ाकर रात 10 बजे किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल को प्रतिवेदन दिया गया है। जिसकी स्वीकृति मिलते ही नो-इंट्री की अवधि 12 घंटों की जगह 14 घंटे की जाएगी। उक्त मुद्दे की जानकारी डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने मंगलवार की शाम स्थानीय थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान दी।

एसडीओ ने बताया कि शहर के लोगों द्वारा बार-बार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर सप्तमी से लेकर नवमी तक नो-इंट्री का समय रात 12 या एक बजे तक किया जाएगा। ताकि, लोगों को पूजा के दौरान मेला घुमने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसडीओ ने बैठक के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि अनुमंडल में दुर्गा पूजा का संचालन सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स के आधार पर ही किया जाएगा। जिसमें अनुमंडलवासियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने पूजा के दौरान किसी भी पंडाल में डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी। बताया कि सरकार के गाइड लाइन्स के तहत 65 डेसिबल से अधिक साउंड सिस्टम का प्रयोग निषेध है। जिसका सभी डीजे संचालक और पूजा समिति पालन करेंगे। साथ ही, दुर्गा पूजा व मूर्तियों के विसर्जन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिसके लिए पूजा समितियां आवेदन कर दें। आवेदनमें में सभी अहर्ताओं की जानकारी स्पष्ट रूप से देंगे।

### सप्तमी से तीन दिनों तक रात 12 बजे के बाद ही खत्म होगा नो-इंट्री



### पूजा समितियां पंडालों में तैनात करें 20-20 वोलेंटियर

बैठक के दौरान डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि पूजा के दौरान समितियों को गाइडलाइन्स के अनुसार सभी मानकों को पूरा करना होगा। पूजा के दौरान पूजा समिति की भूमिका अहम होती है। सुरक्षा की दृष्टि से और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाएं। साथ ही, प्रत्येक समिति अपने पंडाल में 20 विलेंटियर को तैनात करें, जो ट्रैफिक व पंडाल में विधि व्यवस्था पर नजर रखेंगे। जिनकी सूची फोटो समेत थाने में जमा कर दें। जो विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखने में प्रशासन की मदद करेंगे।

**पंडालों में हो बालू, पानी व फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था :** एसडीपीओ ने कहा कि सभी समितियां अपने पंडालों में बिजली कनेक्शन, बालू, पानी और फायर एक्सटिंग्विशर के सिलिंडर की भी वयवस्था करें। जिसका उपयोग आपातकालीन परिस्थिति में किया जा सके। साथ ही, सप्तमी से पहले अपने पंडाल के बिजली कनेंक्शन की जांच करा लें। ताकि आगे जाकर किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो सके।

**महिलाओं और युवतियों के लिए हो उचित व्यवस्था :** एसडीपीओ ने कहा कि सभी पूजा समितियां अपने पंडालों में महिलाओं और युवतियों के दर्शन के लिए अलग से व्यवस्था करें। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या पुलिस जवान और महिला पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

**गड़बड़ी होने पर दें तत्काल सूचना होगी कार्रवाई :** एसडीपीओ ने सभी लोगों से किसी भी परिस्थिति में माहौल बिगाड़ने या गड़कड़ी होने पर तत्काल सूचित करने की अपील की। जिस पर पुलिस उनपर त्वरित कार्रवाई करेगी।

### दूसरे धर्म को ठेस पहुंचाने का न करें कोई भी काम

बैठक के दौरान थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि दुर्गा पूजा आप लोगों के सहयोग से शांति के साथ संचालित किया जायेगा। कोई भी पंडाल ऐसा पोस्टर नहीं लाएंगे या ऐसा संगीत नहीं बजाएंगे, जिससे दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। सभी धर्म व वर्ग के लोग आपसी सौहार्द्र के साथ पूजा का संचालन करें। जिससे पूरे जिले के लिए नजीर पेश किया जा सके। उन्होंने डुमरांव वासियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। साथ ही, पूजा को लेकर उनसे सुझाव भी मांगे, जिनका प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए बिना किसी व्यवधान के पूजा का सफल संचालन किया जा सके। बताया कि पूजा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाएगा। साथ ही, जगह-जगह पुलिस जवानों और महिला पुलिस जवानों को भी तैनात किया जाएगा। जो पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे।

### बैठक के दौरान लोगों ने दिए निम्न सुझाव

शांति समिति की बैठक में प्रशासन व पुलिस को सुझाव भी दिए, जिस पर अमल करने का आश्वासन दिया गया।

- पूजा के दौरान बड़े चारपहिया वाहनों का परिचालन बंद हो व रूट निर्धारित किया जाए।
- सप्तमी से नवमी तक राज हाई स्कूल के ग्राउंड में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाए।
- डुमरांव से आशापड़री जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करते हुए वहां रात्री गश्ति बढ़ाई जाए।
- नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में लगाए गए हाईमास्ट लाइट और अन्य लाइट को पूजा से पहले दुरुस्त कराया जाए।
- जिन मार्गों पर जलजमाव की स्थिति है, वहां पर सड़कों को दुरुस्त किया जाए।

### जेई को लगाई फटकार

बैठक के दौरान लोगों ने बताया कि शहर के निमेज टोला समेत कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर 11 हजार वोल्ट की नंगी तार दौड़ाई गई है। जो कभी भी दुर्घटना को न्यौता दे सकते हैं। इस पर एसडीओ ने बिजली कंपनी के जेई को फटकार लगाते हुए तीन दिनों के अंदर सभी स्थानों पर नंगी तारों को कवर कराने का निर्देश दिया।

### बैठक में रहें मौजूद

बैठक में बीडीओ संदीप पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप चेयरमैन विकास ठाकुर, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय, डॉ. राजेश कुमार, राजीव रंजन सिंह, विनोद राय, शत्रुघ्न गुप्ता, धीरज कुमार, पंचायतों के मुखिया, सभी वार्ड पार्षद सहित सभी दुर्गापूजा समितियों के सदस्य मौजूद थे।

# पंचायतों के संपूर्ण विकास में ग्रामीणों की भूमिका सबसे अहम : एसडीओ

### डुमरी पंचायत में डुमरांव एसडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जनसंवाद





**केटी न्यूज/सिमरी**

जिले के सिमरी प्रखंड के डुमरी पंचायत में मुंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से जनसंवाद का किया गया। जिसकी अध्यक्षता डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने की। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आम जनता के सहभागिता के बिना पंचायतों का विकास संभव नहीं है। गांवों के विकास के लिए सरकार कई योजनाएं चल रही है। जरूरी है लोग इन योजनाओं के बारे में जानकारी रखे तथा उसके क्रियान्वयन में स्थानीय प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों को सकारात्मक सहयोग करें।

इसके पूर्व डुमरांव एसडीओ के साथ एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, सिमरी बीडीओ व स्थानीय पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसके बाद एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि पंचायतों के विकास के लिए जनता का सहयोग तथा उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी होना जरूरी है। तभी पंचायतों का पारदर्शी तरीके से विकास हो सकता है। यह जन संवाद डीके मेमोरियल महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ था। इस दौरान लोगों को अलग अलग विभागों के स्टॉल लगा योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनसे उनकी समस्याओं को सुना गया। एसडीओ ने तत्काल समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित भी किया। अपने बीच एसडीओ तथा एसडीपीओ को देख ग्रामीण उत्साहित था तथा खुलकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा।

**सरकार प्रायोजित योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है उदेश्य :** अपने संबोधन में एसडीओ ने कहा कि इस जन संवाद का मुख्य उदेश्य सरकार प्रायोजित योजनाओं को जरुरतमंदों तक पहुंचना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में योजनाएं पारदर्शी तरीके से उतर रही है कि नहीं तथा जनता को किन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है इस बात की जानकारी भी जनसंवाद में हो जा रही है।

### अपराध नियंत्रण में सहयोग के लिए एसडीपीओ ने की अपील

इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अफाक अख्तर अंसारी ने अपराध नियंत्रण में लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। आमजनता के सहयोग के बिना अपराध पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। क्योंकि समाज में घटित होने वाली हर छोटी-बड़ी घटनाओं के बारे में आमजनता को जानकारी होती है। लेकिन समाज के लोग उस गलती को छिपा देते हैं। जिसके चलते पीड़ित को इंसाफ नहीं मिल पाता है। पुलिस के साथ आम जनता का संबंध काफी करीब का होना चाहिए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर भी मृतक के आश्रित को लगभग दो लाख रुपए का अनुदान का प्रावधान है। वहीं डीटीओ ने इसके बारे में आमजनता को खुलकर जागरूक किया। जन संवाद में अधिकारियों ने सरकार प्रायोजित अन्य योजनाओं के बारें में जानकारी दी। इस दौरान एसडीओ ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बीडीओ शशीकांत शर्मा, सीओ आदित्य कुमार, पीओ नुरुल होदा, सीडीपीओ सुष्मिता, एमओ प्रिती कुमारी के साथ ही पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर, जीप सदस्य कमलबास कुंवर, उप प्रमुख चंदन कुंवर सहित सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए डीएम

**चक्की।** डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में चक्की प्रखण्ड में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीण जनता को विस्तार से बताया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के द्वारा अपना विचारों/अनुभव को जिला पदाधिकारी महोदय के समक्ष साझा किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर उठाए गए मुद्दों पर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## कोर्ट के फैसले के बाद पावर प्लांट के गेट से हटा किसानों का धरना

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में बन रहे थर्मल पावर के गेट पर धरना दे रहे किसानों को मंगलवार की शाम वहां से हटा दिया गया। मौके पर पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल ने स्वयं किसानों से बात की। हालांकि दो दिन पहले भी उन्होंने किसानों और धरना देने वालों से बात की थी। लेकिन, आज मंगलवार को उच्च न्यायालय ने एसजेवीएन कंपनी द्वारा याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया कि गेट बंद करने वालों को वहां से हटाया जाए। क्योंकि इससे काम प्रभावित हो रहा है। किसी का दरवाजा बंद करने की किसी को अनुमति नहीं है।

न्यायालय के सख्त आदेश के बाद अपराह्न चार बजे अधिकारियों का दल चौसा पहुंचा। पहले धरना देने वालों से एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बात की। लेकिन, वे लोग अपनी मांगों की फेहरिस्त लेकर प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत हुए। जिसमें मुआवजे के इत्तर आरएनआर पालिसी, थर्मल तक आने वाले रेल व पानी के पाइप लाइन का रूट बदलने व पूर्व में थर्मल के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में अनियमितता की बात उठाई। प्रशासन व एसजेवीएन के लोगों ने उन्हें लिखित आश्वासन दिया कि जो वाजिब मांगे हैं। उसपर विचार किया जाएगा। 19 को पूर्व से बैठक प्रस्तावित है, आप उसमें बात करें। फिलहाल मौके से हट जाए। इस बात पर सहमति बन गई की अब किसान गेट पर धरना नहीं देंगे। इस संबंध में पूछने पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा कि धरना समाप्त हो गया है। किसानों से बात हुई है, उनकी मांगों का यथा संभव हल निकाला जा रहा है। वहीं धरना देने वाले किसानों ने कहा कि हमारा धरना समाप्त नहीं हुआ है। स्थल परिवर्तन किया जाएगा। पूर्व में हम लोग मुर्हा बाबा के पास बैठते थे, वहां बैठेंगे। प्रशासन को हमने समस्या के समाधान के लिए डेढ़ माह का समय दिया है।

- **मौके पर पहुंचे डीएम व एसडीएम ने की मध्यस्थता, डेढ़ माह का दिया गया समय**

## निरीक्षण में स्कूल बंद मिलने के बाद गंभीर हुआ विभाग, उप सचिव ने डीईओ से पूछा स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर में शिक्षिकाओं की मनमानी, बिना डेट वाले सीएल का आवेदन तथा निरीक्षण के दौरान स्कूल बंद होने का मामला तूल पकड़ लिया है। इस मामले में विभाग के उप सचिव केके पाठक ने संज्ञान लेते हुए बक्सर डीईओ से अबतक उक्त विद्यालय का निरीक्षण क्यों नहीं हुआ था इस मामले में स्पष्टीकरण पूछा है। विभागीय सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। वही उन्होंने सभी जिलों के डीईओ से वैसे विद्यालयों की सूची तलब की है जिनका अबतक निरीक्षण नहीं हुआ है तथा निरीक्षण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने तथा कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सचिव के इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। वही उन्होंने उक्त विद्यालय की दोनों शिक्षिकाओं को डिसमीस करने का आदेश भी दिया है।





- **डीईओ से अबतक निरीक्षण नहीं होने वाले स्कूलों की मांगी सूची**

**दोनों शिक्षिकाओं से डीपीओ ने पूछा स्पष्टीकरण :** स्थापना डीपीओ शारिक असरफ के जांच में सोमवार को सिमरी अंचल का दीयां परमेश्वर गांव बंद मिला था। डीपीओ विद्यालय में 9.10 से 9.45 बजे तक उपस्थित थे। लेकिन इस दौरान न तो शिक्षक स्कूल पहुंचे और न ही कोई छात्र ही आया। डीपीओ ने परिसर का मुआयना किया तो चारों तरफ घास उगे था तथा शौचालय की सफाई भी लंबे समय से नहीं की गई थी। बता दें कि इस विद्यालय में शनिवार को उप निदेशक अमर भूषण भी जांच करने आए थे। तब एक शिक्षिका गायब थी और उनके आवेदन पर यह अंकित नहीं था कि किस तिथि से कब तक वे सीएल ले रही है। जबकि प्रधानाध्यापिक ने उसे स्वीकृत भी कर दिया। उप निदेशक के निर्देश पर ही स्थापना डीपीओ सोमवार को जांच करने पहुंचे थे तो स्कूल बंद मिला। जिसके बाद डीपीओ ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी व शिक्षिका शोभा देवी से स्पष्टीकरण पूछा है।

### जबाव संतोषजनक नहीं मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

डीपीओ ने बताया कि जबाव संतोषजनक नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभाग के उप सचिव को भी जांच प्रतिवेदन की प्रति भेजी है और बताया है कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद था तथा छात्रों की संख्या शून्य थी। तत्काल उक्त विद्यालय की दोनों शिक्षिकाओं का वेतन बंद कर स्पष्टीकरण पूछा गया है। अपने प्रतिवेदन में उन्होंने बताया है कि सितंबर महीने में कुल 21 कार्य दिवस में 661 बच्चों के एमडीएम खिलाया गया है जो भौतिक उपस्थिति से काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह स्थानीय वार्ड के वार्ड सदस्य ने प्रधानाध्यापिका पर पारदर्शिता नहीं बरतने तथा किसी भी तरह के संचिकाओं को अवलोकन के लिए नहीं देने का आरोप लगाया है।

## ठोरी पांडेयपुर गांव में हुई चोरी मामले में खाली हाथ है पुलिस

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव में एक पखवाड़े पूर्व हुए राजकुमार पांडेय के घर लाखों रूपए के चोरी मामले में पुलिस के हाथ आज भी खाली है। चोरों की गिरफ्तारी की बात तो दूर स्थानीय पुलिस इस घटना को अंजाम देने वाले गिरोह की पहचान तक नहीं कर सकी है। इधर बीच गांव में चोरी की इस वारदात के बाद ग्रामीणों में चोर उचक्कों का भय बना हआ है। ग्रामीण चोरों के भय से रतजगा करने को मजबूर है।

बता दें कि स्व अलख नारायण पांडेय की मृत्यु के बाद उनके इकलौते पुत्र राजकुमार पांडेय अपनी बीमार मां को लेकर तीन महीना पहले नोयडा चले गए थे। इधर घर में ताला बंद था। जिसका फायदा उठा चोरों ने एक अक्टूबर की रात उनके घर में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब छह लाख रूपए मूल्य के आभूषण व 75 हजार नकदी रूपए चुरा लिए। वही सीसीटीवी व हार्ड डिस्क समझ करीब एक लाख रूपए के इलेक्ट्रानिक उपकरणों को भी तोड़ दिया था। उनका घर बीच गांव में है। जिस कारण चोरी की इस वारदात से ग्रामीण सहमें हुए है। इधर सूत्रों की मानें तो चोरी के पहले चोरों ने उनके दरवाजे के पास स्थित खंडहरनुमा मकान में मादक पदार्थों का सेवन भी किया था। जिससे चोरी की इस वारदात में नशेड़ियों के हाथ होने की बात सूत्रों द्वारा बताई जा रही है। बावजूद पुलिस के हाथ उनतक नहीं पहुंच पा रहे है। इस संबंध में मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि सूक्ष्म तरीके से इस मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।





### स्वच्छता ही सेवा स्पेशल कैंपेन के तहत किया गया पौधरोपण, बोले वरीय उप समाहर्ता...

# स्वच्छ हवा में सांस लेने के लिए पौधे लगाना जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को जिला गंगा समिति बक्सर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्पेशल कैंपेन के तहत स्थानीय होम गार्ड कार्यालय कैंपस में पौधरोपण किया गया। बता दें कि जिला गंगा समिति स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर से विभिन्न गंगा घाट व अन्य जगहों पर कई तहर के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी क्रम में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता श्रेयांश तिवारी, जिला समादेष्टा होम गार्ड विनोद कुमार यादव, वनों के क्षेत्र अधिकारी टी पी सिंह, जिला परियोजना अधिकारी शैलेश कुमार राय उपस्थित थे। सभी के द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि अगर हमें स्वच्छ हवा में सांस लेना है तो पौधे लगाकर उन्हें बचाना भी होगा। हम सब की यह नैतिक जिम्मेवारी है कि अपने आस पास पौधे लगाए और इसे बचाए। पौधे लगाने के साथ साथ बचाने की जिम्मेवारी भी हम सबकी होनी चाहिए। वक्ताओं ने उपस्थित जवानों से संकल्प लेने की अपील की कि जीवन में एक पौधे जरूर लगाएंगे, साथ ही पर्यावरण संरक्षण व गंगा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करेंगे, पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में होम गार्ड के सभी कर्मी, फायर बिग्रेड के कर्मी, वन विभाग के नीतीश कुमार, अमिताभ सौरभ, हिंदुस्तान स्काउट के परशुराम कुमार, सुमेश्वर कुमार, मनोज कुमार, रामशरण कुमार, रामायण कुमार, सुंदरम कुमार, राहुल कुमार, प्यारचंद रजक अधिनायक अनुदेशक, परिचारी परवीन बानो, सिपाही मनोज, प्रफुल्ल, कौशल, कामेश्वर चौधरी, संजय यादव, सोनू कुमार, बिट्टू कुमार उपस्थित थे।



## वार्डों में घूम लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही स्थायी समिति

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति लोगों के समस्याओं के समाधान के लिए हर दिन अलग-अलग वार्डों में घुम लोगों की समस्याओं को सुन ऑन द स्पॉट उसका समाधान कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को टीम ने नगर परिषद के वार्ड 33, 34 व 35 में घुम घुमकर लोगों की समस्या को सुना तथा उसका समाधान किया। इस दौरान लोगों ने नाली, गली, साफ सफाई, रौशनी आदि कई समस्याओं को समिति के पास रखा।

समिति का नेतृत्व कर रहे चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि कई जगहों पर कूड़े का उठाव करवाया गया तो कुछ जगहों पर पूजा पंडालों के पास लगे मिट्टी के ढेर को हटवाया गया। सशक्त स्थायी समिति के इस अभियान की लोग सराहना कर रहे है। सुमित ने बताया कि उनका अभियान हर दिन जारी रहेगा तथा वे अलग अलग वार्डों में जाकर लोगों की समस्याओं को खुद सुनेंगे तथा उसका समाधान भी करेंगे। टीम में सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सह उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, विजय कुमार, धनजी तथा पिंटू मलिक शामिल रहे।



## खबरें फटाफट

### हादसे में जख्मी हुए डॉ. विनीश, इलाजरत

**डुमरांव।** बक्सर सदर अस्पताल के चिकित्सक डा विनीश संदेहास्पद स्थिति में दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। मंगलवार की देर शाम बक्सर सदर अस्पताल से वे अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक से डुमरांव लौट रहे थे। एनएच 922 पर पुराना भोजपुर पुलिया के पास एक बाइक चालक ने उन्हें धक्का मार दिया। जख्मी अवस्था में उन्हें डायल 112 की टीम ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर अवस्था में उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि उनके गर्दन के पास गंभीर चोटे आई है। सूत्रों की माने तो पूर्व में उनका किसी के साथ विवाद हुआ था जिसमे उन्हें धमकी भी मिली थी। डॉ विनीश ने इस मामले में कोर्ट में परिवाद भी दायर किया था। ऐसे में यह दुर्घटना संदेहास्पद बन गई है। सूत्रों की माने तो ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर उनके बाइक में टक्कर मारा गया है। वैसे पीड़ित डॉक्टर द्वारा अभी इस संबंध में कुछ बयान नहीं दिया गया है।

### निर्माण में गड़बड़ी पर ग्रामीणों में आक्रोश

**केसठ।** प्रखंड में उर्दू मध्य विद्यालय से लेकर कतिकनार पुल तक ग्रामीण विकास विभाग के तहत सड़क के मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। इसमें मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसे देख स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने का आरोप लगा मंगलवार को ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य को बंद करा दिया। समाजसेवी कुंवर सिंह ने बताया कि सड़क को बिना साफ किए घास पर ही कम मेटेरियल डालकर कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण मे गिट्टी और अलकतरा की मात्रा में कमी थी। वही योजना का बोर्ड नहीं लगाया गया है। सड़क निर्माण रोकने के बाद ठेकेदार को बुलाया गया। ठेकेदार अपने गलती को स्वीकार कर बेहतर तरीके से सड़क मरम्मती का कार्य करने का आशवासन दिया।

# भक्त व भगवान का संबंध: गोपाल के बीमार पड़ने पर श्रीराम, लक्ष्मण व सीता ने बनाया भोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री राम लीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के क्रम में वृंदावन से पधारे श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी श्री करतार बृजवासी के सफल निर्देशन में 11वें दिन मंगलवार को दिन में मंचित कृष्णलीला के दौरान ₹भक्त गोपाल₹ चरित्र के प्रसंग का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया कि भक्त गोपाल एक जाट परिवार से गरीब किसान रहता है आर्थिक तंगी के कारण उसकी पत्नी बराबर उनको उलाहना देती रहती है। एक दिन



उनकी पत्नी ने उन्हें घर से निकाल दिया तो अनपढ़ गोपाल एक संत के आश्रम पर जाकर आश्रय लिया। गोपाल को गाय चराने का कार्य मिला। संत ने गोपाल से कहा कि आज से श्री राम को पिता व सीता जी को माता मानना होगा। वहीं, आज से तुम जब भी प्रसाद ग्रहण करना भगवान को भोग लगाकर ही करना। संत ने गोपाल को कुछ राशन देते हुए कहा कि गाय चराते अगर संध्या हो जाए तो वहीं पर अपना प्रसाद बनाकर खा लेना। भक्ति



गोपाल सच्चे हृदय के थे रोज गाय चराने जाते और बिना भगवान के भोग लगाए प्रसाद नहीं ग्रहण करते। एक दिन भक्त गोपाल खाना नहीं बना पाए तो यह देखकर श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान सभी आकर गोपाल के लिए खाना बनाते हैं। इधर संत ने देखा कि मंदिर से सभी मूर्तियां गायब है, तो वह ढूंढते ढूंढते वन में पहुंचते हैं और सभी बातें पता चल चलने पर भक्त गोपाल को अपने हृदय से लगा लेते हैं।

**पिता की मौत की खबर सुन दुखित हुए श्रीराम :** रामलीला में दशरथ मरण, भरत मिलाप का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि जब मंत्री सुमंत जी प्रभु श्री राम लक्ष्मण एवं सीता को गंगा के समीप छोड़कर लौटते हैं, तो वह काफी दुखित एवं व्यथित रहते हैं। इधर निषाद राज भी लौट रहे होते हैं। मंत्री सुमंत विलाप करते हुए सायं काल के बाद अयोध्या पहुंचते हैं, और महाराज दशरथ से जाकर सारा हाल सुनाते हैं। मंत्री सुमंत की बात सुनकर महाराज व्यतीत हो जाते हैं और पूर्व में घटित श्रवण कुमार की घटना को रानी कौशल्या से जाकर बताते हैं। श्री राम की चिंता में महाराजा दशरथ की हालत काफी बिगड़ जाती है, और उनका देहांत हो जाता है। भरत जी अपने ननिहाल से आते हैं और वह राम, लक्ष्मण को नहीं देखकर उनके बारे में पूछते हैं। पिता के अंतिम संस्कार करते हैं। संस्कार के पश्चात भरत जी श्री राम को मनाने के लिए चित्रकूट जाने की तैयारी करते हैं। मार्ग में उनसे निषाद राज जी से भेंट होती है। निषादराज जी उन्हें लेकर प्रभु श्री राम जी के पास पहुंचते हैं। जहां भगवान श्री राम एवं भरत जी का सुंदर मिलन होता है। प्रभु श्री राम को भरत से जब यह पता चला कि उनके पिता का देहांत हो गया तो दुखित होते हैं, और नदी के किनारे जाकर पिता को श्रद्धांजलि देते हैं।

### अवैध संबंध का विरोध करने पर विवाहिता ने प्रेमी के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

# प्रेमी के साथ मिलकर मायके में की पति की हत्या, आंगन में ही दफना दिया शव

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी क्षेत्र के इटिम्हां गांव में सोमवार की रात ससुराल आये 24 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दी गयी। जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गयी। जिसके बाद शव को घर के आंगन में दफना दिया। मंगलवार की सुबह पुलिस ने जमीन खोद कर शव को निकाला। युवक के कान व नाक से खून बहता हुआ जख्म और पूरे शरीर में लाल रंग का धब्बा पाया गया। मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तार गांव निवासी कमलेश गिरी उर्फ भिखारी गिरी का बेटा मिथुन गिरी था। जो पेशे से चालक था और हरियाणा के गुरुग्राम में ट्रक चलाता था। छह माह पहले ही उसने इटिम्हां गांव की नेहा कुमारी से लव मैरिज की थी। मिथुन के पिता कमलेश गिरी उर्फ भिखारी गिरी ने अवैध संबंध का विरोध करने पर अपनी बहू, उसके प्रेमी और सालों



- शव के पोस्टमार्टम के बाद हत्या की जांच में जुटी पुलिस, जल्द खुलासा करने का दिया आश्वासन

सहित चार लोगों पर हत्या कर शव को ससुराल के आंगन में दफनाने का आरोप लगाया जा रहा है।

हालांकि मिथुन के ससुराल वालों की ओर से आपसी विवाद के बाद फांसी लगाने की बात कही जा रही है। इधर, घर के आंगन की मिट्टी खोदकर शव निकाले जाने की



सूचना से गांव में सनसनी मच गयी।

**शव को खोद कर निकाला और शुरू की जांच :** सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जमीन को खोद शव निकालने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। एसडीपीओ राहुल सिंह भी पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। उन्होंने मिथुन गिरी की पत्नी से भी पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। पूछताछ में उसने अपने ब्वॉयफ्रेंड कथित पहले पति द्वारा शव दफनाये जाने की बात भी स्वीकार की है। वहीं कमलेश गिरी उर्फ भिखारी गिरी ने बताया कि उसकी बहू नेहा देवी का शादी से पहले से उसके गांव के ही एक कंपाउंडर से अवैध संबंध था। दो माह पूर्व उनका पुत्र अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल इटम्हा गांव गया था। उसे समय भी उसकी पत्नी द्वारा अपने प्रेमी और भाई के साथ उसकी हत्या करने का प्रयास किया गया था। तब इलाज के बाद वह बच गया था। चार दिन पूर्व वह अपनी पत्नी नेहा देवी को लेकर अपने ससुराल इटिम्हां गांव गया था। उसी दिन लौट आया था। दूसरे दिन वह फिर अपने ससुराल चला गया। इसी बीच उसकी पत्नी द्वारा अपने प्रेमी, भाई और मां के साथ मिलकर उसके गले में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी।

**हर एंगल से की जा रही है छानबीन :** एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि इटिम्हां गांव निवासी कन्हैया गिरी के घर के आंगन में शव दफानाय गया है। उस आधार पर तरारी पुलिस पहुंची और जमीन खोदकर शव निकाला गया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की हर एंगल से छानबीन की जा रही है। युवक के परिजनों की ओर से हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। उस आधार पर युवक की पत्नी से पूछताछ की जा रही है। उसने पति द्वारा खुद ही फांसी लगाने की बात कही जा रही है। हालांकि उसने बताया कि उसके पहले पति द्वारा ही शव को दफना दिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बस की चपेट में आने से बच्ची की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**केटी न्यूज/बक्सर**

- बक्सर सासाराम मुख्य मार्ग पर जमौली डेरा गांव के पास की घटना

जिले के राजपुर थान क्षेत्र के चौसा कोचस मुख्य पथ पर जमौली डेरा गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से एक छह वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को यात्रियों को लेकर भोले शंकर बस बक्सर से सासाराम की तरफ जा रही थी। जमौली डेरा गांव में रोड किनारे खेल रही कमलेश चौहान की पुत्री मुन्नी कुमारी उक्त बस की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। घटना के बाद चालक बस तेजी के साथ चालक लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने पीछा कर गांव से आगे कुछ दूर जाते ही बस को चारों तरफ से घेर लिया। चालक एवं खलासी को अपने कब्जे में लेकर बंधक बना लिया। इस दौरान सैकड़ो की तादाद में मौजूद भींड़ ने चालक एवं खलासी के साथ कुछ मारपीट भी किया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक एवं खलासी को हिरासत में ले लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ चौसा कोचस मुख्य पथ को जाम कर दिया। सड़क जाम करने वाले उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। इस घटना के बाद घंटो इस पथ पर परिचालन ठप रहा।

# शारदीय नवरात्र में छात्राओं ने दिखाया मां दुर्गे का नौ स्वरूप



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शारदीय नवरात्र के दौरान शहर सहित गांवों में भी भक्तिमय माहौल बन गया है। देवी के मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर महिला व पुरुष मां दुर्गे की आराधना में लीन है। इस नवरात्र में डुमरांव के छात्राओं ने मां दुर्गे के नौ रूप दिखाकर आम लोगों को भाव विभोर कर दिया।

मां चंद्रघंटा के स्वरूप में चांदनी कुमारी, मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप में अंकी कुमारी, मां शैलपुत्री के स्वरूप में नंदनी कुमारी, मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में दीपिका कुमारी, मां कात्यायनी के स्वरूप में छोटी कुमारी, मां कालरात्रि के स्वरूप में अंकिता कुमारी, मां कुष्मांडा के स्वरूप में जूही कुमारी, मां महागौरी के स्वरूप में रानी कुमारी और मां स्कंदमाता के स्वरूप में गुड़िया कुमारी ने कलात्मक श्रृंगार कर मां दुर्गे के सभी रूपों को दशार्या। इस दौरान पुष्कर एकेडमी ऑफ मेकअप की संचालिका अंजली शर्मा में बताया कि सभी छात्राएं अपने पठन-पाठन के साथ मां के नौ रूपों में सज-धजकर दर्शन दिया और भक्तिपूर्ण माहौल को बनाया।

# ग्रामीणों ने प्राचार्य पर चावल चोरी का लगाया आरोप, जांच को पहुंची टीम

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के मिडिल स्कूल महादेवगंज के एचएम व एनजीओ की मिलीभगत से चावल चोरी का मामला सामने आया है। सूचना पर विभाग के डीपीओ रजनीश उपाध्याय ने तत्काल जांच के लिए एक टीम को उक्त स्कूल में भेजा। जांच टीम में कन्या मध्य विद्यालय केसठ के एचएम मनोज कुमार तथा शिवपुर मिडिल स्कूल के एचएम मो. नसरुद्दीन अंसारी शामिल थे। जांच टीम पहुंचने के बाद ग्रामीणों एवं स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मण प्रसाद से मामले की पूछताछ की गई।

टीम के सदस्यों ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप था, कि एनजीओ के मजदूर कुछ बोरी चावल बाइक पर लाद कर ले गए है। जिसकी सबूत ग्रामीणों के पास उपलब्ध नहीं है। वैसे प्राचार्य के द्वारा 13 क्विंटल 76 किलो स्कूल के चावल का एनजीओ को किया गया हस्तांतरण रसीद दिखाया गया। जिसके बाद



ग्रामीणों ने स्कूल के भंडार घर में दो बोरी चावल होने की बात कहने लगे। जिसके बाद जांच टीम ने भंडार घर की जांच किया तो ग्रामीणों का आरोप सही पाया। जांच टीम द्वारा पुछने पर प्राचार्य द्वारा कोई भी साक्ष्य नहीं दिया। जिससे ग्रामीणों द्वारा चावल चोरी के आरोप को बल मिलता है। टीम के सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में जांच रिपोर्ट व स्कूल के भंडार घर में रखी गई दो बोरी संदिग्ध चावल की फोटो जांच टीम द्वारा डीपीओ को भेज दी गई है। बता दें कि सोमवार की देर शाम मिडिल स्कूल महादेवगंज से चावल की उठाव कर रहे एनजीओ कर्मियों को दुकान पर चावल बेचते ग्रामीणों ने पकड़ा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई थी। स्कूल से चावल चोरी की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मौके से एनजीओ के कर्मी व कुछ मजदूरों को पकड़ कर थाना ले गई थी। पर एनजीओ कर्मी द्वारा चावल उठाव के आदेश के साथ उसकी पर्ची दिखाए जाने के बाद पुलिस उन्हे छोड़ दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं है।




### नियमित टीके से वंचित लाभुकों व उनके अभिभावकों को नुक्कड़ नाटक से किया जाएगा जागरूक

# नुक्कड़ नाटक की मदद से मिशन इंद्रधनुष को मिलेगी गति

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले की गर्भवती महिलाओं के साथ 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारी से बचने व नियमित टीका से वंचित लाभुकों को टीकाकृत करने के लिए मिशन इंद्रधनुष 5.0 का संचालन किया जा रहा है। मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान को तीन चक्रों में पूरा किया जाना है। अभियान का पहला चक्र 11 से 16 सितंबर व दूसरे चक्र का संचालन 9 से 14 अक्टूबर किया गया। अब जिले में तीसरा चक्र 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिसको सफल बनाने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति ने नई पहल शुरू की है। जिसके तहत टीके से वंचित लाभुकों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़



नाटक का सहारा लिया जाएगा। इस क्रम में मंगलवार को सदर अस्पातल परिसर में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। महादलित टोलों के लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। प्रखंडवार 74 महादलित ठोलों को चिह्नित किया गया है। जहां पर तिथिवार नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नियमित टीकों के महत्व की जालकारी दी जाएगी।

**टीका से वंचित लाभार्थियों को किया जा रहा है टीकाकृत :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि 5 वर्ष से कम बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण करवाना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों में टीबी, पोलियो, गलघोंटू, काली खांसी, खसरा, रूबेला, दस्त, निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, जेई जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। यह टीका सभी सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह से निःशुल्क दिए जाते हैं। इसमें गर्भवती महिला को भी टीकाकृत किया जाता है, ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ-साथ गर्भवती महिला को भी कई बीमारियों से बचाया जा सके।

**दूसरे चक्र में 2361 गर्भवती महिलाओं को दिया गया टीका :** जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिशन इंद्रधनुष का पहला चक्र 11 से 15 सितंबर तक चलाया गया। जिसमें 864 सेशन साइट का संचालन किया गया। इस दौरान दो वर्ष से कम आयु के 6086 बच्चों को व दो वर्ष से पांच तक के आयु के 1285 बच्चों को टीकाकृत किया गया। वहीं, पहले चक्र में 1717 गर्भवती महिलाओं को टीका दिया गया। जिसके बाद 9 से 14 सितंबर तक दूसरे चक्र का संचालन किया गया। इस दौरान 864 सेशन साइट का संचालन किया गया। जिसमें दो वर्ष से कम आयु के 7864 बच्चों को व दो वर्ष से पांच तक के आयु के 1599 बच्चों को टीकाकृत किया गया। वहीं, दूसरे चक्र में 2361 गर्भवती महिलाओं को टीका दिया गया।



# शहर के बीच अवैध पिकअप स्टैंड बन रहे परेशानियों के सबब

**❒बाइक सड़क से सटाकर खड़ा करना उनकी मजबूरी**

**केटी न्यूज/ बलिया**

इसे प्रशासन की मेहरबानी कहे या कुछ और शहर से जाम की समस्या को खत्म करने के लिये शहर में अवैध तरीके से चल रहे सभी बस, जीप व ऑटोस्टैण्ड को शहर से बाहर कर दिया गया। जिसका परिणाम यह रहा कि बहुत हद तक जाम की समस्या खत्म हो गयी। वही शहर के मुख्य मार्ग एनएच (स्टेशन मालगोदाम रोड) पर अवैध



पिकअप स्टैण्ड बिना किसी रोक टोक के चल रहा है। इन दिनों यह अवैध पिकअप स्टैण्ड लोगों के लिये मुसीबत खड़ा किया हुआ है। इस अवैध स्टैण्ड के चलते जाम की समस्या बराबर बनी रहती है। लेकिन इस तरफ प्रशासन का ध्यान नही है।

इन दिनों अवैध स्टैण्ड से के चलते बड़ी समस्या दुकानदारों को हो गयी है। यदि कोई ग्राहक बाइक लेकर भी दुकान परआ जाता है तो उसकी बाइक सड़क से सटाकर खड़ा करना उनकी मजबूरी हो जाती है। इसके चलते जाम की समस्या बराबर बनी रहती है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि के नगर अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है शीघ्र ही एनएच से अवैध पिकअप स्टैण्ड से हटाया जाय जिससे इस मार्ग पर जाम न लग सके।

## सीनियर महिला/पुरूष बैडमिन्टन प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ के जिला/मण्डल की टीम का चयन

**मऊ।** जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला/पुरूष बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 अक्टूबर,तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, प्रयागराज में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीनियर महिला/पुरूष बैडमिन्टन प्रतियोगिता हेतु जिला खेल कार्यालय, मऊ द्वारा जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 21 अक्टूबर, को डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, में 10:00 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सीनियर महिला/पुरूष बैडमिन्टन खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सीनियर महिला/पुरूष बैडमिन्टन खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर चयनिय खिलाड़ी 25 अक्टूबर को आजमगढ़ में आयोजित होने वाले मण्डलीय चयन/ट्रायल में भाग लेंगे।

## प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे मूर्तिकार



**मऊ।** शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही आजमगढ़ मार्ग स्थित बरहतपुर के मूर्ति कलाकार माता दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की बन रही प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। बताते चलें कि आगे दीपावली का पर्व भी है जिसको लेकर अभी मूर्ति आयोजक माता दुर्गा की प्रतिमा को अपने पंडाल में स्थापित करेंगे जिसको लेकर मूर्ति निर्माण करने वाले कलाकार माता दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात एक किए हैं। मूर्ति बनाने वाले कलाकार बलिराम एवं राकेश कुमार ने बताया कि हमारे यहां दुर्गा पूजा एवं दीपावली पर्व को लेकर लगभग सैकड़ों प्रतिमा आर्डर मिला है और जल्द ही हम लोग लोगों को इस प्रतिमाओं को पूरा कर सौंप देंगे।

## खबरें फटाफट

### धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को मंगलवार की दोपहर गड़वार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी शत्रुघ्न पटेल मनियारी जसांव गांव का रहने वाला है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। मंगलवार को शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शत्रुघ्न पटेल गड़वार तिराहे के पास खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी शत्रुघ्न पटेल को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था, मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गड़वार तिराहे के पास खड़ा है, तभी मौके पर जाकर पुलिस ने आरोपी शत्रुघ्न पटेल निवासी मनियारी जसांव को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है।

### वाहन की टक्कर से घायल महिला की मौत

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के नौसेमर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । सीएससी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई । बताया जाता है कि राफी देवी पत्नी स्वर्गीय देवासी 50 वर्ष निवासी नौसेमर थाना कोपागंज सोमवार की शाम अपने घर से बाजार करने निकली थी । वापस लौटते समय अभी नौसेमर गांव के मोड़ पर पहुंची ही थी कि एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें वृद्ध महिला घायल हो कर अचेत हो गई तभी किसी ने परिजनों को सूचित किया और मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई ।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### बलात्कार व पाक्सो एक्ट के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सिकंदरपुर।** पुलिस ने बलात्कार व पाक्सो एक्ट के आरोपी को मंगलवार की शाम सिकंदरपुर बाजार से गिरफ्तार किया। आरोपी कुलदीप कुमार पुत्र रमेश राम निवासी काजीपुर थाना सिकन्दरपुर का रहने वाला है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सिकंदरपुर बाजार में खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सिकंदरपुर थाने में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के मामले में मुदमा दर्ज है। सिकंदरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था।

**जिलाधिकारी ने ली संचारी रोग नियंत्रण व दस्त अभियान की बैठक**

# एमओआइसी के कार्य प्रगति कम पाए जाने पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचारी व वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए विभागों द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की प्रगति की समीक्षा की और प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने नगरा और मनियर ब्लॉक के एम?ओआइसी के कार्य प्रगति कम पाए जाने के कारण वेतन रोकने और सोहांव ब्लॉक के नरही पीएचसी के एम?ओआइसी को कार्य शिथिलता पाए जाने पर चेतावनी जारी की। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में बेहतर साफ सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव और फागिंग जैसे कार्यों में तेजी लाने के लिए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।साथ ही हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों में जल निकासी, कचरा निस्तारण ,स्रोत विनष्टीकरण जैसे कार्यों पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज व ग्राम्य विकास विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत साफ सफाई में कम प्रगति वाले विकासखंडो के ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, गंदे पानी, जल जमाव की स्थिति पैदा न होने पाए, इसके निरंतर कार्य करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों व अभिभावकों को दिमागी बुखार, वेक्टर तथा जल जनित रोगों से बचाव के लिए पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग करना संबंधित विषयों पर जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जागरुकता के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता, क्विज स्पर्धा, निबंध लेखन इत्यादि के माध्यम से छात्रों को रोगों से बचाव, पर्यावरणीय स्वच्छता, एवं स्वच्छता के विषय में सक्रिय सहभागिता के निर्देश दिए।



### रैंकिंग 66वें स्थान से हुई 40

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि पिछली बैठक में जनपद की रैंकिंग 66वें स्थान पर थी जो अब 40 हो गई है।जिलाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी विभागों के कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग और ई-कवच पोर्टल इसकी रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। कहा कि मैं कदापि नहीं चाहूंगा कि जनपद का नाम सबसे खराब जिलों में आए। कुछ अधिकारियों की वजह से जनपद की रैंकिंग खराब हुई है, स्थिति में सुधार नहीं होने पर लापरवाही करने वाले अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। आपके कार्यों से डेंगू और मलेरिया जैसे रोग की रोकथाम हो सकती है। इन रोगों के लिए यह बहुत ही संवेदनशील समय है। इस बैठक में सीआरओ त्रिभुवन, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र, स्वास्थ्य विभाग के एम?ओआइसी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शहीद मेला और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/ मऊ**

रानीपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित रानीपुर प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में अमर शहीद लेफ्टिनेंट बिहारी सिंह की 58वीं पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय परिसर में स्थित अमर शहीद लेफ्टिनेंट बिहारी सिंह की प्रतिमा पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा०एसएन राय और विशिष्ट अतिथि डा०राहुल राये सहित क्षेत्र से लगाये जनपद से आये हुए लोगो ने अमर शहीद लेफ्टिनेंट बिहारी सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पुण्यतिथि कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शहीद मेला और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कबड्डी प्रतियोगिता में 22 टीमो ने भाग लिया।कब्बडी प्रतियोगिता का पहला मैच रानीपुर की टीम और ओहनाइच की टीम के बीच खेला गया जिसमें ओहनाईच की टीम ने विजयी रही। इस दौरान डा जयनाथ, दुर्गविजय सिंह, शेषनाथ सिंह, गौरी शंकर सिंह,रामध्यान चौहान, अजय, सिंह, अनिल सिंह,दिनेश सिंह, अरविंद सिंह, राजेश्वर प्रताप सिंह, बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।



**◆ पहला मैच रानीपुर की टीम और ओहनाइच की टीम के बीच खेला गया**

## मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**केटी न्यूज/ मऊ**

महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय से मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम विकास खण्ड कोपागंज के देवकली विशुनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी श्रीमती चंदा सहनी, जिला समन्वयक राखी राय एवं कृतिका राय और पुलिस विभाग से महिला कांस्टेबल पूनम यादव एवं समस्त टीम द्वारा समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया, साथ ही बालक और बालिकाओं को भी जागरूक किया गया। जिसमे आत्मरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही समस्त हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098 के बारे में बताया गया एवं समस्त विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जागरूक किया गया। कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह,



पॉक्सो एक्ट एवं वन स्टाप सेंटर के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बाल सेवा योजना सामान्य में विमला पत्नी स्वर्गीय अशोक, प्रियांसु 3 वर्ष हिमांशु 4 वर्ष इन दोनों बच्चो का आवेदन कराया गया एवं दत्तक ग्रहण योजना के अंतर्गत देवंती पत्नी राजेंद्र को केंद्रीय दत्तक ग्रहण एजेंसी भारत सरकार की वेबसाइट पर आवेदन करने हेतु बताया गया।

### बच्चों की पिटाई कर फंदे पर झूल गया नशेड़ी

**बलिया ।** उभांव थाना के तेलमा जमालुद्दीनपुर गांव में पत्नी बच्चों की पिटाई कर नशे में द्युत इंद्रजीत यादव 30 वर्ष अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने आधी रात को ही शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से ही पत्नी लक्ष्मिना देवी और चार पुत्र पुत्रियों का रो रोकर बुरा हाल है। लक्ष्मिना देवी ने बताया कि रात करीब दस बजे नशे में द्युत उसके पति घर आते ही उसे और बच्चों की पिटाई करने लगे। जिससे परेशान होकर वह सभी बच्चों के साथ घर के बाहर बैठ गई। ताकि उसका पति सो जाएं तो वह बच्चों के साथ अंदर कमरे में जाकर सो सके। इस बीच रात करीब 11 बजे इंद्रजीत यादव ने कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे से लटकर फांसी लगा ली। लक्ष्मिना ने अपनी पुत्री को कमरे में उसके पिता की स्थिति देखने भेजा ।

## सड़कों पर वाहनों की संख्या सर्वेक्षण करने के लिए लगाई गई मशीन

**केटी न्यूज/ मऊ**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवस्थित रतनपुरा कस्बा के डीह तिलक ठाकुर मौजे में एटीसीसी मशीन लगाई गई है। इस मशीन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही के जरिए सर्वेक्षण किया जा रहा है कि सड़क पर कितना भार है। उल्लेखनीय की केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग बलिया लखनऊ पर प्रतिदिन के हिसाब से गाड़ियों की संख्या तथा उसका लोड का सर्वेक्षण कर रही है ।इसी के निमित्त एटीसीसी मशीन लगाई गई है।

सर्वेक्षण के लिए जिस संस्था को केंद्र सरकार ने यह कार्य सौंपा है, उसके सुपरवाइजर संतोष ने बताया कि इसी सर्वेक्षण के जरिए सरकार सड़कों पर भार तथा उसके मरम्मत से संबंधित डाटा इस मशीन के जरिए संकलित कर रही है। यह मशीन गाजीपुर जनपद में दो , मऊ जनपद में दो तथा बलिया जनपद में भी दो



स्थानों पर कुल 6 स्थान पर यह मशीन लगाई गई है। एटीसीसी मशीन जहां भी लगाई गई हैं, वहां सड़क पर दो केबिल, क्लोज सर्किट कैमरा तथा उसकी सुरक्षा के लिए बॉक्स लगाया गया है।

### वैशणो देवी का दर्शन कर वापसी में परिजनों से बिछड़ा अधेड़ लापता

**बलिया।** आस्था की देवी माता वैष्णो देवी के दर्शन उपरांत वापसी में परिजनों का साथ तनिक क्या छूटा अधेड़ लापता हो गया। अजीब दुर्घटना और किसी अनहोनी को लेकर परिजन परेशान हैं। तलाश जारी है पर अभी तक कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। लापता अधेड़ गड़वार थाना क्षेत्र के नरायनपाली गांव का निवासी है। नरायनपाली गांव के धूमा राम जो बहुत ही सीधे साधे व्यक्ति हैं अपने ससुराली जनों के साथ मां वैष्णो देवी के दर्शन करने गए थे। वापसी में कोलकाता एक्सप्रेस से आते समय लुधियाना के आस पास किसी स्टेशन पर अचानक कैसे उतर गए और गायब हो गए पता ही नहीं चला। बिना साथ के लोगो को बताएं वह कहीं जाते भी नहीं थे। पहले आशंका थी कि कहीं होंगे। फिर उनकी तलाश शुरू हुई तो कहीं पता ही नहीं चला। परिजन किसी अनहोनी को लेकर भी चिंतित हैं। खोजबीन जारी है पर अब तक कुछ भी पता नहीं चला है।

**डीएम की अध्यक्षता में शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न, बोले**

# विद्यालयों के ध्वस्तीकरण को समय से करें पूर्ण

**केटी न्यूज/ मऊ.**

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में बेसिक शिक्षा से संबंधित जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, निपुण भारत एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की विस्तृत जानकारी लेते हुए समस्त विकास खंडों में चयनित जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के पूर्व नीलामी प्रक्रिया की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को शीघ्र नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



दिए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

परिषदीय विद्यालयों में मनरेगा के तहत किचन गार्डन हेतु चयनित 186 विद्यालयों के सापेक्ष अभी तक मात्र 59 विद्यालयों में किचन गार्डन बनाए जाने तथा कुछ चयनित विद्यालयों में जमीन की उपलब्धता न होने की बात संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों एवं डीसी मनरेगा को जमीन की अनुपलब्धता वाले विद्यालयों का स्वयं मौके पर जांच करने तथा ऐसे विद्यालयों के चयन हेतु जिम्मेदार एवं गलत सूचना देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की पिछली बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निपुण भारत कार्य से जुड़े एआरपी द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए

संपूर्ण जांच रिपोर्ट की स्वयं जांच करते हुए 3 दिन के अंदर ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्कूलों के निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारियों द्वारा निर्धारित स्कूलों के निरीक्षण के सापेक्ष अत्यंत कम निरीक्षण किए जाने पर डीएम ने समस्त नोडल अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएम ने स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अधिक संख्या वाले छात्रों के स्कूलों में प्रधानाचार्य के अलावा वरिष्ठ सहायक अध्यापक को भी टेबलेट वितरण किए जाने की कार्यवाही की जानकारी ली।




## खबरें फटाफट

### ट्रेन से कटकर युवती व अधेड़ की मौत

**गाजीपुर।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक युवती ने जहां ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, वहीं एक अधेड़ की ट्रेन की जद में आने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों के रोने-बिलखने से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सैदपुर कोतवाली के रसूलपुर पचरासी निवासी सीता (26) दोपहर करीब एक बजे सैदपुर ग्रामीण बैंक के पीछे रेलवे ट्रैक के पास पहुंची और टहलने लगी। जब- तक आस-पास के लोग कुछ समझ पाते वह ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन चालक द्वारा घटना की सूचना सैदपुर स्टेशन मास्टर धीरेंद्र कुमार को दी गई। स्टेशन मास्टर द्वारा घटना की जानकारी सिटी रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय रेलवे पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर शहर कोतवाली के सुखदेवपुर गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से नोनहरा थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी मुनीब सिंह यादव की मौत हो गई।

### बॉक्सिंग खिलाड़ी सोनू का भव्य स्वागत



**अलीनगर (चंदौली)।** हरियाणा के मधुबन में चली ऑल इंडिया पुलिस बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फ्लाई वेट 51 किलो भार वर्ग में नगर के हनुमानपुर निवासी सोनू पाल के ऑल इंडिया पुलिस गेम में कांस्य पदक जीतकर गृह नगर पहुंचने पर चंदौली एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों व समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के अलावा नगर वासियों ने ढोल नगाड़े के फूल मालाओं से लाकर जोरदार स्वागत किया। चंदौली एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला महासचिव कुमार नन्दजी ने बताया कि सोनू को सिर में चोट लगने के चलते सेमीफाइनल की फाइट बीच में ही छोड़नी पड़ी, जिससे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था अन्यथा राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी सोनू पाल अवश्य गोल्ड जीता होता। अब यह राष्ट्रीय खिलाड़ी सोनू मणिपुर असम राइफल में चयनित हो चुका हैं जो जनपद के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है।इस अवसर पर नफीस अहमद गुड्डू, महेंद्र पाल, राजू पाल, सूबेदार मेजर सुभाष सिंह, डॉ संजय पाल, राकेश पाल, राजेंद्र पाल रामाश्रय पाल, केदार यादव, रामाशीष यादव दीपराज, मुखराम, रामनरेश पाल सैनी, सत्या, राजेंद्र, सत्यम यादव के साथ बॉक्सिंग खिलाड़ी रोहित यादव, राहिल इमाम, ओम चौहान, अमन चौहान, आयुष राय, रामप्यारे आदि लोग मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्र : मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की हुई पूजा

**केटी न्यूज/चंदौली**

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई। नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन- पूजन किया। इसके अलावा घरों में भी मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा की गई।

मान्यताओं के अनुसार मां के इस स्वरूप में उनके शिख पर चंद्र और हस्त में घंटा है। यह देवी सरस्वती का स्वरूप भी है। देवासुर संग्राम में देवी ने घंटे की नाद से अनेक असुरों का दमन किया। देवी की यह मुद्रा



शांत और आत्मनिर्भर करने वाली है। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती हैं। माता के इस स्वरूप की पूजा करने के लिए प्रातः से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरे दिन मंदिर घंटा घड़ियालों से गूंजता रहा।दूसरी तरफ नगर में दुर्गा पूजा के अवसर पर बनाए जानेवाले पूजा पंडालों का कार्य अंतिम चरण में पहुंच रहा है। पूजा पंडाल बनाने वाले कारीगरों के कार्य में तेजी आ गई है। काम जल्दी पूर्ण करने के लिए कारीगरों की संख्या भी कई पंडालों में बढ़ा दी गई है। पूजा के लिए मूर्ति बनाने वाले कलाकारों के कार्य में भी तेजी देखी जा रही है।

### मां कामाख्या धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़



**गाजीपुर।** यूपी- बिहार की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में मां कामाख्या धाम पर शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों के अलावा समीपवर्ती बिहार के श्रद्धालु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से पहुंचकर मां का दर्शन कर अपने तथा अपने परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। नवरात्र में धीरे-धीरे देवी भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। मंदिर परिसर के साथ ही आस-पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि सुबह से ही दर्शनार्थियों के आने जाने का जो क्रम शुरू हुआ, वह देर शाम तक चलता रहा। दर्शनार्थी कतारबद्ध होकर मां के गगनभेदी जयकारे लगाते हुए दर्शन- पूजन किए।

## गाजीपुर डीएम ने सभी विभाग के अध्यक्षों को दिया सख्त निर्देश

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें : जिलाधिकारी

■ सीएम की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण (37 बिन्दु) मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। रायफल क्लब सभागार में बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड से समीक्षा ली गई। बैठक के दौरान डीएम ने जिन-जिने विभागों की विभागीय योजनाएं आख्या, उपलब्धि सीएम डैश बोर्ड पोर्टल पर फीड नहीं है, उसे तत्काल फीड कराने का निर्देश दिया। जिससे जनपद की रैकिंग खराब न हो।

बैठक में उन्होंने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को



निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने का सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जनमानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण, पशुओं में होने वाले लम्पी रोग के रोकथाम के लिए कार्यवाही एवं सहभागिता योजना में पात्र लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस प्रकरण में उन्होंने शिकायत पत्रों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी दशा में कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाए। इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के संबंध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिरनो का किया निरीक्षण

कस्तूरबां गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय बिरनो एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरनो का डीएम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्व प्रथम जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासी बालिका विद्यालय बिरनो पहुंचकर उपस्थिति पंजिका रजिस्टर, बच्चों को दी जाने वाली खाद्य समाग्री, बच्चों की संख्या, छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता की जानकरी ली एवं विद्यालय, आवासीय स्थलों, रसोईघर एवं शौचालयों को चेक किया, जहां साफ-सफाई का अभाव रहा। शौचालये में गंदगी पाई गई। इसके अतिरिक्त विद्यालय में पीने के लिए पानी का आरओ मशीन भी खराब पाया गया तथा रसोईघर में साफ-सफाई का अभाव रहा।

### डीएम ने चिकित्सालयों के बाउंड्रीवॉल बनाने का दिया निर्देश

**चंदौली।** जिला आयुष समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई।इसमें जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में योग प्रशिक्षकों को एक सप्ताह में ज्वाइन कराने के निर्देश दिया। साथ ही डीसी मनरेगा को निर्देश दिया कि चिकित्सालयों की बाउंड्री बाल तत्काल कराएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने बबुरी व पचोखर के बाउंड्री वॉल रिपेयरिंग में शिथिलता बरतने पर डीसी मनरेगा पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया।कहा कि बबुरी व पचोखर के बाउंड्री वॉल में यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय की स्थापना हेतु एलआरसी बाबू को निर्देशित किया। यथाशीघ्र जमीन को चिन्हित करते हुए सभी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर में विद्युत कनेक्शन करते हुए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, डीसी मनरेगा उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आरपीएफ ने पंडित दिनदयाल रेलवे स्टेशन पर चलाया ऑपरेशन जन जागरण अभियान



**पीडीडीयू नगर।** प्रभारी निरीक्षक डीडीयू के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू एवं मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ के द्वारा पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर नवरात्रि त्यौहार को लेकर यात्रियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें लाउड हेलर, बैनर के माध्यम से इस जागरूकता कार्यक्रम में गाड़ियों में अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग नही करने व इससे होने वाले नुकसान के बारे में यात्रियों को जागरूक किया गया। वहीं ट्रेनों,स्टेशन परिसर आदि जगहों में अंजान व्यक्ति द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थों को नही खाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों व मानव तस्करी को रोकने को लेकर आरपीएफ को सहयोग करने को कहा गया।साथ ही अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार नहीं करने क्योंकि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कई लोगों की जानें गई हैं। ऐसे में रेलवे द्वारा अधिकृत रास्ते का ही इस्तेमाल करने को कहा गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच घूम घूम कर बताया गया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे के टॉल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करें। यात्रियों को ट्रेन में या स्टेशन परिसर में कोई भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु मिलने पर या देखने पर तुरंत इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को या टॉल फ्री नंबर 139 पर देने को बताया गया।अकेली महिला यात्री की सुरक्षित यात्रा के लिए आरपीएफ के द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान ₹मेरी सहेली₹टीम के बारे में भी बताया गया। साथ ही ट्रेनों की पायदान पर यात्रा न करने एवं ट्रेन पकड़ने के लिए रेल की पटरी से चढ़ने व उतरने को कानून का उल्लंघन बताया गया। इसके अलावा ट्रेनों में उचित टिकट लेकर यात्रा करने तथा ट्रेनों में पत्थरबाजी नहीं करने के बावत बताया गया ।इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू से उपनिरीक्षक मुकेश कुमार , उपनिरीक्षक अर्चना कुमारी मीणा, महिला आरक्षी माधुरी श्याम, सहायक उपनिरीक्षक उमाकांत राम, प्रधानआरक्षी रामचंद्र यादव व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ के ऋतुराज उपाध्याय, अंकित कुमार , सुदर्शन सिंह व चांदनी कुमारी मौजूद रहे।

### चंदौली कलेक्ट्रेट में ई ऑफिस का उद्घाटन संचालन में प्रदेश में बना तीसरा जनपद



**चंदौली।** मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार जनपद मंगलवार को एक बड़े दिन का गवाह बना। जहां जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में ई ऑफिस का उद्घाटन किया। यही नहीं उद्घाटन के साथ ही ई ऑफिस से संचालित होने वाले कन्नौज और ललितपुर के बाद चंदौली प्रदेश का तीसरा जिला बन गया। आकांक्षी जनपद में ऐसा करने वाला प्रथम जनपद है। बताते चले कि कन्नौज और ललितपुर में सिर्फ कलेक्ट्रेट ही ई ऑफिस से संचालित है। वहां की तहसील अभी ई ऑफिस से संचालित नहीं हैं,जबकि चंदौली में सभी तहसीलों को ई ऑफिस में शिफ्ट कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट के साथ सभी तहसीलों को ई ऑफिस में कन्वर्ट करने वाल प्रदेश का प्रथम जनपद बन गया है। जिलाधिकारी निखिल टीकराम फुंडे ने कहा कि ई ऑफिस के माध्यम से काम में तेजी आएगी,अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। इन सब से जनता को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन से अधिक किसी भी पटल पर फाइल रोकी नहीं जाएगी। अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाब देही तय होगी। कहा कि अभी सिर्फ राजस्व विभाग ई ऑफिस के माध्यम से कार्य कर रहा है जल्द ही आने वाले समय में सभी विभागों को ई ऑफिस में कन्वर्ट कर दिया जाएगा। आज की तारीख में 65 लोगों के डिजिटल सिग्नेचर और पासवर्ड आदि क्रिएट कर दिए गए हैं।दिसंबर तक सभी विभागों को पूरी तरह ई ऑफिस में कन्वर्ट कर दिया जाएगा।अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पांडेय ने कहा कि आज से राजस्व विभाग की सभी फाइल ई ऑफिस के माध्यम से निस्तारित होगी। पुरानी पत्रावलियां भी 30 नवंबर तक ई ऑफिस पर अपलोड कर दी जाएंगी।उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को लखनऊ से 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए विभाग ने चलाया अभियान



**केटी न्यूज/चंदौली**

सहायक आयुक्त (खाद्य) आरएल यादव के निर्देशन में मंगलवार को खाद्य संयुक्त टीम के साथ नवरात्री व दशहरा पर्व के अवसर पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कई जगहों पर छापामारी की और 12 सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। इसके चलते बाजार में हड़कंप मच गया। जनपद के खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार को सैयदराजा से एक किशमिश, एक मूंगफली दाना, एक सिंघाड़ा आटा, एक साबूदाना, मुख्यालय स्थित जीटी रोड से एक सत्तू, एक साबूदाना, कैली रोड से एक पनीर, एक बिस्किट, सत्तू, सकलडीहा रोड से एक किशमिश, एक साबूदाना, एक घी का नमूना लिया। इस तरह कुल 12 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को जाँच हेतु प्रेषित किया। टीम ने बताया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत विधिक करवाई की जाएगी खाद्य कारोबार कर्ता एवं आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ के संदर्भ में जागरूक किया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार शाही, अरविंद, नेहा त्रिपाठी रहे।

## सुहवल इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत हुए गुरुजन व छात्र

■ अयोध्या में आयोजित मैराथन दौड़ में चौथा स्थान पाने वाले विकास यादव को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सुहवल गांव स्थित इंटर कालेज में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता पीयूष राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय में हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्र- छात्राएं क्रमशः नीलांशू, रवीन्द्र कुशवाहा एवं छोटू कन्नौजिया को विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य सुदामा राय स्मृति पुरस्कार। जबकि कालेज में बेहतर शैक्षिक कार्य करने के लिए कालेज के बृजनाथ सिंह व कृष्ण बिहारी पांडेय को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार मेडल व नगद पुरस्कार व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त बीते दिनों अयोध्या में आयोजित 21 किमी की मैराथन दौड़ में चौथा स्थान पाने वाले कक्षा बारह के छात्र विकास यादव को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीयूष राय ने कहा कि जिस तरह इन छात्रों ने अपने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के साथ ही मैराथन दौड में परचम लहराया उससे विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम रौशन हुआ है, जो गर्व की बात है। इससे दूसरे छात्रों को सीख लेनी होगी, जो आगे चलकर इस उत्कृष्ट पुरस्कार के भागी बन सकें। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस अति प्राचीन विद्यालय ने दर्जनों ऐसे होनहार छात्र देश-प्रदेश को दिए हैं, जो आज विभिन्न विभागों के विभिन्न सर्वोच्च प्रशासनिक पदों, सर्वोच्च न्यायालय, हाइकोर्ट के न्यायधीश, आईएएस, आइपीएस के अलावा अन्य सर्वोच्च पदों को सुशोभित कर रहे हैं। उनसे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल राय बच्चन, प्रधानाचार्य हरेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रहलाद राय, जवाहर राय, भरत, शशिकला , रामदुलार, अरविन्द सिंह, जीवेश, मनीष, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## 70वीं ब्लाक स्तरीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# नगसर को हराकर ताड़ीघाट टीम बनी विजेता

■ विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि बीईओ अशोक कुमार गौतम ने किया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत सुहवल इंटर कालेज के मैदान पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 70वीं ब्लाक स्तरीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ताड़ीघाट विद्यालय की टीम अंततः चैम्पियन बनी। विजेता खिलाडियों को पुरस्कार मुख्य अतिथि बीईओ अशोक कुमार गौतम ने वितरित किया।इसके पूर्व उन्होंने इसका शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय व फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र रेवतीपुर के प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के बालक , बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग के बालक में न्याय पंचायत गोहदा की टीम को बड़े अंतर से हराते हुए न्याय पंचायत ताड़ीघाट



के बालकों की टीम ने जीत हासिल की। प्राथमिक वर्ग के बालिका स्तर में न्याय पंचायत अठहठा की टीम ने डेढ़गांवा न्याय पंचायत की टीम को शिकस्त देते हुए अपना परचम लहराया और जीत हासिल की।

जूनियर वर्ग के बालकों में ताड़ीघाट की टीम विजेता घोषित की गई। जबकि जूनियर स्तर के बालिका वर्ग में भी नगसर न्याय पंचायत को भारी अंतर से हराते हुए ताड़ीघाट की टीम ने शानदार खेल दिखाए और विजेता बनीं। ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब ताड़ीघाट को प्राप्त हुआ। इस ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता की विजेता टीमें जनपद स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह में प्रतिभा करेंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने कहा के खेल के माध्यम से हम बच्चों में प्रतियोगी भावना को विकसित करते हैं, ताकी पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में आगे बढ़ने की ललक पैदा हो। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शारीरिक निपुणता भी हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर इंटरकालेज प्रधानाचार्य हरेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद तिवारी, अखिलेश कुमार सिंह, सुशिल प्रजापति, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राधेश्याम नोडल शिक्षक जयप्रकाश, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मिथलेश, सुनिल यादव आदि मौजूद रहे ।

# आस्था: मां कष्टहरणी भवानी के मंदिर में रोज जलते हैं हजारों घी के दीपक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला मुख्यालय से चालीस किमी दूर मुहम्मदाबाद- चितबड़ागांव मार्ग पर करीमुद्दीनपुर थाने के पास माँ कष्टहरणी देवी का भव्य व अतिप्राचीन मंदिर विराजमान है, जहां नवरात्र के महीने में दर्शन -पूजन के लिए क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूसरे प्रान्तों से भक्तों की भारी भीड़ जुटती है। रोज श्रद्धा से हजारों की संख्या में घी के दीपक जलते हैं। महिला-पुरुष यहां रात्रि जागरण कर माँ कष्टहरणी की आराधना करते हैं। इस स्थान का वर्णन तो द्वापर व त्रैता युग में भी बताया गया है। मंदिर का पुनः निर्माण महान संत लाल बाबा ने लगभग 150 साल पहले कराया था।

यह मंदिर क्षेत्रीय लोगों के आलावा दूर- दराज के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र है। इस मंदिर को साक्षी मानकर लोग परिणय सूत्र में बंधकर अपने जीवन की



शुरूआत करते हैं तथा अपने बच्चों का मुण्डन संस्कार भी इस मंदिर पर करते हैं। मान्यता है कि देवी माँ के दरबार में सच्चे मन से की गई आराधना कभी खाली नहीं जाती। त्रेतायुग में भगवान राम, लक्ष्मण, महर्षि विश्वामित्र के साथ अयोध्या से सिद्धाश्रम बक्सर जाते समय यहां पर रूक कर मां कष्टहरणी का दर्शन -पूजन किए थे। मंदिर पर नवरात्रि महीने में दूर -दराज से महिला पुरूष नौ दिन तक श्रद्धा से दीपक जलाते हैं। मंदिर के महात्मय के बारे में मंदिर के पुजारी राजकुमार पाण्डेय राजू बाबा बताते है कि द्वापर में जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों, द्रोपदी एवं कुल गुरू धौम्य ऋषि के साथ अज्ञातवास के समय मां कष्टहरणी धाम में आकर मां से अपने कष्टों को दूर करने के लिए प्रार्थना की थीं। मां के आशीर्वाद से महाभारत के युद्ध में पांडवों की बिजय हुई थी। बताते हैं कि जैसा मां का नाम है, उसी के अनुरूप ये वास्तव में अपने भक्तों का कष्ट दूर करती है।